**प्रेस नोट-**

**थाना सीपरी बाजार, झाँसी**

**दिनांक- 11.10.2025**

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **गैर इरादत हत्या के अभियोग में वांछित 03 अभियुक्त गिरफ्तार,**

कृपया अवगत कराना है कि श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध झाँसी पुलिस द्वारा की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम में आज दिनाँक 11.10.2025 को थाना सीपरी बाजार पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तगण 1.अमित गौतम पुत्र मनोज गौतम निवासी अन्दर दतिया गेट थाना कोतवाली जनपद झाँसी उम्र करीब 26 वर्ष 2. यशराज पुत्र प्रमोद निवासी पचकुईया थाना कोतवाली झाँसी उम्र करीब 26 वर्ष 3. यश रावत पुत्र बृजेन्द्र रावत निवासी नई बस्ती थाना कोतवाली झाँसी उम्र करीब 22 वर्ष सम्बन्धित मु0अ0सं0 386/25 धारा 105/115(2)/352/351(2)/324(4)/191(2) बी0एन0एस0 को ग्वालियर रोड अण्डर ब्रिज के नीचे उन्नाव बालाजी मार्ग मोड़ थाना क्षेत्र सीपरी बाजार झांसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनाँक 10.10.2025 को वादी श्री नीरज साहू उर्फ गोलू पुत्र मुकेश साहू उम्र 30 वर्ष निवासी रेलवे क्रासिंग के पास पाल कालोनी थाना सीपरी बाजार झाँसी द्वारा लिखित प्रार्थना-पत्र के माध्यम से थाना सीपरी बाजार सूचना दी गई कि दिनांक 9/10/2025 को सचिन कुशवाहा की जन्मदिन पार्टी मनाने अमित गौतम पुत्र मनोज गौतम निवासी अंदर दतिया गेट कोतवाली जनपद झाँसी अपने फूफा आशीष कौशक के साथ ग्राम सिमधा बाँधा पर गए थे, जहाँ पर पार्टी मनाने के दौरान मौके पर मौजूद लोगों से विवाद हो जाने कारण वहाँ से अमित गौतम अपनी कार से अन्य लोग के साथ समय रात्रि करीब 09.30 बजे तेज गति से भागे और इस दौरान वादी के भाई हनी साहू पुत्र मुकेश साहू उम्र 28 वर्ष को जानबूझ कर कार से टक्कर मार दी। जिससे कार में बैठे आशीष कौशिक को चोटें आयी तथा वादी का भाई हनी गम्भीर रूप से घायल हो गया, जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

लिखित प्रार्थना-पत्र के आधार पर थाना सीपरी बाजार पर मु0अ0सं0 386/25 धारा 105 बीएनएस बनाम 1. अमित गौतम पुत्र मनोज गौतम निवासी अन्दर दतिया गेट थाना कोतवाली जनपद झाँसी 2. संतोष यादव पुत्र अज्ञात निवासी हंसारी थाना प्रेमनगर जनपद झाँसी 3. सचिन कुशवाहा पुत्र लालता प्रसाद कुशवाहा निवासी पाल कालोनी थाना सीपरी बाजार झाँसी के पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान साक्ष्य के क्रम में अभियोग में धारा 115(2)/352/351(2)/324(4)/151(2) बी0एन0एस0 की बढ़ोत्तरी की गई तथा अभियुक्तगण 1. यशराज पुत्र प्रमोद निवासी पचकुईया थाना कोतवाली झाँसी 2. यश रावत पुत्र बृजेन्द्र रावत निवासी नई बस्ती थाना कोतवाली झाँसी का नाम प्रकाश में आया।

पुलिस द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए अभियोग उपरोक्त में वाँछित 03 अभियुक्तगण अमित गौतम, यशराज व यश रावत को गिरफ्तार किया गया।

**<u>गिरफ्तारी का दिनाँक ,समय एवं स्थानः—</u>** दिनांक 11.10.2025 को समय 11.00 बजे, ग्वालियर रोड़ अण्डर ब्रिज के नीचे उन्नाव बालाजी मार्ग मोड़ थाना क्षेत्र सीपरी बाजार झांसी ।

**<u>अभियुक्तागण का विवरण</u>**

1. अमित गौतम पुत्र मनोज गौतम निवासी अन्दर दतिया गेट थाना कोतवाली जनपद झाँसी उम्र करीब 26 वर्ष
2. यशराज पुत्र प्रमोद निवासी पचकुईया थाना कोतवाली झाँसी उम्र करीब 26 वर्ष
3. यश रावत पुत्र बृजेन्द्र रावत निवासी नई बस्ती थाना कोतवाली झाँसी उम्र करीब 22 वर्ष

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-</u>**

1. श्री विनोद कुमार मिश्र, प्रभारी निरीक्षक थाना सीपरी बाजार, झाँसी
2. उ0नि0 श्री दीपक कुमार, थाना सीपरी बाजार, झाँसी
3. का0 817 अनिल कुमार, थाना सीपरी बाजार, झाँसी
4. का0 896 पुष्पेन्द्र कुमार, थाना सीपरी बाजार, झाँसी